451

बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
सकारण आदेश

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल अरवल के अधीन शीर्ष **MMGSY(SC)** योजनान्तर्गत Pheku Bigha To Payare Chak पथ निर्माण कार्य संवेदक **सौरभ कुमार (निबंधन संख्या–4190170 ,PAN-GOZPK2798G)** मुहल्ला–शिवपुरी नाहर पर, अनीशाबाद, फुलवारीशरीफ, जिला–पटना पिन–800002 को आवंटित किया गया। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि 12.02.2020 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 11.11.2020 है।

एकरारित अवधि में उक्त पथ निर्माण कार्य एकरारनामा के अनुरूप पूर्ण नहीं किये जाने तथा कार्य पूर्ण करने हेतु कई बार निदेशित किये जाने के बावजूद कोई रूचि नहीं लिये जाने के कारण कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल अरवल का आदेश ज्ञापांक 30 दिनांक 07.01.2023 द्वारा एकरारनामा (एकरारनामा संख्या–87/SBD/MMGSY/2019-20) विखंडित करते हुए संवेदक **सौरभ कुमार (निबंधन संख्या–4190170)** को कालीसूची में सम्मिलित किये जाने हेतु अनुशंसा की गई।

क्षेत्रीय अभियंताओं से प्राप्त अनुशंसा एवं जांच पत्र के आलोक में विभागीय पत्रांक 3535 दिनांक 07.07.2023, पत्रांक 5309 दिनांक 19.05.2025 एवं पत्रांक 5860 दिनांक 05.06.2025 द्वारा संवेदक सौरभ कुमार से निबंधित डाक के माध्यम से कारण पृच्छा की गई।

उक्त कारण पृच्छा के आलोक में संवेदक द्वारा अपना पक्ष समर्पित नहीं किया गया है। इससे स्पष्ट है कि संवेदक को अपने बचाव में कुछ नहीं कहना है।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में संवेदक **सौरभ कुमार (निबंधन संख्या– 4190170, PAN-GOZPK2798G)** मुहल्ला–शिवपुरी नहर पर, अनीशाबाद, फुलवारीशरीफ, जिला–पटना पिन–800002 को कार्य प्रमंडल, अरवल के अधीन शीर्ष **MMGSY(SC)** योजनान्तर्गत Pheku Bigha To Payare Chak पथ निर्माण कार्य अपूर्ण रखने संबंधी आरोपों को प्रमाणित मानते हुए बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) के नियम 11(क)(vi) में विहित प्रावधान के आलोक में 02(दो) वर्षों के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

9/7/25
(सुल्तान अहमद)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः– 14/अ0प्र0–14–25/2025 7534 /पटना, दिनांकः– 11.7.25

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, पथ निर्माण विभाग,/भवन निर्माण विभाग /जल संसाधन विभाग/लघु जल संसाधन विभाग/योजना एवं विकास विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/नगर विकास एवं आवास विभाग/उर्जा विभाग/कृषि विभाग/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/लघु जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

9/7/25
अभियंता प्रमुख

P.T.O.

ज्ञापांकः– 14 / अ0प्र0–14–25 / 2025 7534 / पटना, दिनांकः– 11.7.25

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव / सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः– 14 / अ0प्र0–14–25 / 2025 7534 / पटना, दिनांकः– 11.7.25

प्रतिलिपिः–आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

निबंधित / ईमेल

ज्ञापांकः–14 / अ0प्र0–14–25 / 2025 7534 / पटना, दिनांकः– 11.7.25

प्रतिलिपिः– संवेदक **सौरभ कुमार (निबंधन संख्या– 4190170, PAN-GOZPK2798G)** मुहल्ला–शिवपुरी नहर पर, अनीशाबाद, फुलवारीशरीफ, जिला–पटना पिन–800002, मो0 9635016356 को सूचनार्थ प्रेषित।

अभियंता प्रमुख